# कार्यालय, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0।

संख्याः–एम0ई0–3/2020/879

दिनांकः– 29.05.2020

## आवश्यक सूचना

यू0पी0 नीट पी0जी0 2020 के अन्तर्गत सम्पन्न प्रथम चक्र की काउंसिलिंग से आवंटित अभ्यर्थियो के प्रवेश के सम्बन्ध में जारी दिशा–निर्देशो के आधार पर एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा/एम0डी0एस0 पाठ्यक्रम की राजकीय क्षेत्र की सीटो हेतु रु0 30,000/–(रुपया तीस हजार), निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजो की क्लीनिकल सीट हेतु रु0 10,00,000/–(रुपया दस लाख), प्री एवं पैराक्लीनिकल सीट हेतु रु0 5,00,000/–(रूपया पांच लाख) एवं निजी क्षेत्र के एम0डी0एस0 पाठ्यक्रम रु0 2,00,000/–(रूपया दो लाख) ऑनलाइन शिक्षण शुल्क तथा शैक्षणिक अभिलेखो की स्कैन प्रतियां कालेज/सम्बन्धित नोडल सेन्टर पर जमा कर अनन्तिम प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न की गयी है।

अतः समस्त प्रवेशित अभ्यर्थियो को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 04.06.2020 से 10.06.2020** के मध्य किसी कार्यदिवस मे सम्बन्धित कालेज/विश्वविद्यालय/संस्थान/नोडल सेन्टर पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर राजकीय क्षेत्र की सीटो का अवशेष शुल्क **नगद(Cash)** तथा निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेन्टल कालेजो का अवशेष शिक्षण शुल्क का **सी0टी0एस0 बैंक ड्राफ्ट महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0** के पक्ष में जो लखनऊ मे देय हो, जमा करते हुए अपने मूल शैक्षणिक/जाति प्रमाण–पत्रो का सत्यापन कराकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत अवशेष शिक्षण शुल्क/अभिलेख जमा नही किये जाते है, तो ऐसे अभ्यर्थियो का प्रवेश स्वतः निरस्त माना जायेगा तथा अभ्यर्थी द्वारा जमा किये गये शिक्षण शुल्क/सिक्योरिटी धनराशि जब्त कर ली जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अभ्यर्थी के स्वयं का होगा।

(के0के0गुप्ता)
महानिदेशक।